प्रादेशिक समाचार

दिनांक–10.11.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आज बोकारो और गुमला में चुनावी सभा, रांची में करेंगे मेगा रोड शो।

2- 13 नवंबर को होने वाले पहले चरण के चुनाव के लिए प्रचार चरम पर, इंडी गठबंधन और एनडीए के कई स्टार प्रचारकों की आज ताबड़तोड़ सभाएं।

3- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने कहा–पारदर्शी और त्रुटिहीन मतदान कराना चुनाव आयोग की प्राथमिकता, हर बूथों की होगी सीसीटीवी से निगरानी।

4- मुख्यमंत्री ने चुनाव के दौरान आयकर और केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई पर उठाए सवाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा– हर एजेंसी कर रही अपना काम, किसी को नहीं होना चाहिए परेशान

**********************

झारखंड में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार जोरों पर है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज झारखंड के बोकारो और गुमला जिले में दो रैलियों को संबोधित करेंगे तथा रांची में एक रोड शो में भाग लेंगे। श्री मोदी रांची में ओटीसी मैदान से रातू रोड के न्यू मार्केट चौक तक रोड शो करेंगे। प्रधानमंत्री की पहली सभा बोकारो जिले के चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के चांदीपुर फुटबॉल मैदान में होगी। श्री मोदी गुमला जिला मुख्यालय स्थित एरोड्रम मैदान में विधानसभा चुनाव को लेकर दूसरी चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे गुमला जिले के संवाददाता

इधर प्रधानमंत्री के रांची में शाम सवा पांच बजे होने वाले मेगा रोड शो को लेकर शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

**********************

एनडीए और इंडी गठबंधन के कई स्टार प्रचारकों की भी आज ताबड़तोड़ सभाए होंगी। भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान आज ईचागढ़, खरसावां और तमाड़ में चुनावी सभाएं करेंगें जबकि पार्टी के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा की गढ़वा, चतरा और लातेहार में सभाएं होंगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गढ़वा, पश्चिमी सिंहभूम और रामगढ़ में जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं राजद के स्टार प्रचारक और बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का चतरा और पलामू में कई जगहों पर कार्यक्रम है। 13 नवंबर को पहले चरण की 43 सीटों पर होने वाले चुनाव को लेकर प्रचार का शोर कल शाम थम जाएगा।

**********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दोपहर साढ़े 12 बजे 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम में पार्टी के कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर प्रधानमंत्री ने यह जानकारी दी । उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा को विजयी बनाने के लिए कार्यकर्ता अथक परिश्रम के साथ पूरे समर्पण भाव से जुटे हुए हैं।

**********************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि पारदर्शी और त्रुटिहीन मतदान संपन्न कराना निर्वाचन आयोग की प्राथमिकता है। रांची में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी के साथ वेबकास्टिंग की मदद से नजर रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक राज्य में 1 अरब, 66 करोड़, 82 लाख की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गयी है।

**********************

विधान सभा चुनाव को लेकर हजारीबाग जिला अन्तर्गत निर्वाचन कार्य के लिए प्रतिनियुक्त सभी मतदाताओं के लिए फैसिलिटेशन सेंटर बनाया गया है। यहां मतदाताओं में मतदान को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। मतदाता समय निकालकर मतदान करने के लिए पहुंच रहे हैं । रविवार को भी मतदाता जो विभिन्न विभागों में सेवा दे रहे हैं उन्होंने छुट्टी के दिन पहुंचकर मतदान किया। इस दौरान सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई है। फैसिलिटेशन सेंटर प्रभारी प्रतिभा कुमारी ने कहा कि पूरे राज्य भर के वैसे वोटर जो हजारीबाग में विभिन्न विभागों में सेवा दे रहे हैं उनके लिए यह सेंटर तैयार किया गया है। चुनाव आयोग ने यह बेहतर सुविधा दी गई है. जिसका उद्देश्य यही है कि हर एक मतदाता मतदान से वंचित ना रहे.।

**********************

13 नवंबर को पहले चरण में होने वाले चुनाव में चतरा विधानसभा क्षेत्र के 24 मतदान केंद्र पर मतदान प्रक्रिया पूरी कराने का जिम्मा महिलाओं के हाथ में होगा। चतरा विधानसभा के निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह सदर अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम ने जानकारी देते हुए बताया है कि चयनित 24 मतदान केंद्र चतरा विधानसभा के हंटरगंज, कान्हाचट्टी प्रतापपुर और चतरा प्रखंड के हैं। उन्होंने बताया कि इन महिला मतदान केंद्रों पर व्यवस्था को लेकर सभी आवश्यक कार्य अंतिम चरण में हैं।

**********************

13 नवंबर को पहले चरण में राज्य के 43 विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान होगा। इसमें हजारीबाग के बड़कागांव बरही, बरकट्ठा और सदर भी शामिल है। जहां ग्रामीण इलाकों में मतदान को लेकर मतदाताओं में काफी उत्साह है। मतदाताओं ने मन बना लिया है कि इस बार शत प्रतिशत मतदान देकर स्वस्थ लोकतंत्र की नींव रखेंगे।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चुनाव के दौरान आयकर और केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं । रांची में संवादाताओं से बातचीत में उन्होंने निजी सचिव सुनील श्रीवास्तव के ठिकानों पर आयकर के छापे पर अपनी प्रतिक्रिया दी। बांग्लादेशी घुसपैठ समेत कई मुद्दों पर विरोधियों के हमले पर उन्होंने कहा कि हर चुनाव में भाजपा नई शब्दावली लाती है

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बयान पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पलटवार किया है। रांची में संवाददाताओं से बातचीत में श्री मरांडी ने कहा कि हर एजेंसी के जिम्मे जो काम है वो उसे करेगी। इसमें किसी को परेशान नहीं होना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर आदिवासियों के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाया

**********************